# रामनगर मुक्तिधाम तालाब का होगा सौंदर्यीकरण–आयुक्त

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन सर्विस रोड, उद्यान, वाटर एटीएम, अवैध कब्जा, जर्जर स्कूल एवं भवन सहित मुक्तिधाम तालाब का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद लक्ष्मी साहू के उपस्थिति में किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा साक्षरता चौंक से पावर हाउस तक निर्माणाधीन नाली एवं प्रस्तावित सर्विस रोड का अवलोकन किया गया। पूर्व से बने सड़क जर्जर हो जाने के कारण नागरिको को असुविधा हो रही थी और दुर्धटना की संभावना बनी थी। जिसे देखते हुए नवीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क के बनने से आम नागरिको को सुविधा मिलेगी। तीनदर्शन मंदिर के पास निर्मित उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान के भीतर पाथवे, खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक संधारण कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किये है। उद्यान के संधारण हो जाने से वरिष्ठजनों को समय बिताने के साथ बच्चों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध होगें। 18 नंबर रोड नेहरू चौंक के पास नागरिको के पीने हेतु शुद्व पेयजल के लिए वाटर एटीएम स्थापित किया गया है जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। वर्तमान में वाटर एटीएम चालू है, नागरिक शुद्व पेयजल का लाभ उठा रहे है। शास्त्री नगर में नाला के किनारे 40 परिवारों द्वारा अतिक्रमण कर निवास किया जा रहा है। जिन्हे पूर्व में स्वयं से अतिक्रमण हटाने नोटिस भी दिया गया है। स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जावेगी। समीपस्थ बीएसपी स्कूल एवं कार्यक्रम के लिए हॉल पूर्व से निर्मित है, जो पुराने होने के साथ जर्जर हो गये है। जर्जर स्कूल एवं भवन को ध्वस्त कर पीएम आवास निर्माण के लिए बीएसपी से पत्राचार करने निर्देशित किये हैं। कर्मा भवन मार्ग वार्ड क्रं. 27 मोहल्ले में एक स्थानीय नागरिक द्वारा सड़क का पानी घर में न आये इसलिए सड़क बाधा कर घेरा कर दिया गया है, जिसे हटाने कहा गया है। समीपस्थ वार्ड वासियों द्वारा पानी का प्रेशर कम आता है इसलिए घरो के सामने गढढे कर रखे है। प्रेशर की जांच कराकर ठीक कराने कहा गया है। आयुक्त द्वारा रामनगर मुक्तिधाम तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब के पानी को खाली कर सौंदर्यीकरण किया जाना है, ततपश्चात नहर का साफ पानी भरा जायेगा। पानी को खाली कराकर मलवे को साफ कराने कहा गया है। साथ ही तालाब के बगल में जर्जर भवन है जो पूर्ण रूप से खण्डहर हो गया है। जर्जर भवन को छतिग्रस्त कर समतलीकरण कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राय, पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

